जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति | दिनांक 21.07.2024

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ सामान व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामदः-

ज्ञात हो दिनाँक 15.07.2024 को सलीम पुत्र इलियास निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा चावल का कट्टा चोरी कर लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में वादी सलीम उपरोक्त द्वारा थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दाखिल की गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 20.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 चोरो को चोरी किये गये सामान व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.रामभुल पुत्र जयभगवान निवासी ग्राम अमृतपुर थाना मधुबन जनपद करनाल (हरियाणा)।

2.अंकित पुत्र रणधीर निवासी ग्राम अमृतपुर थाना मधुबन जनपद करनाल (हरियाणा)।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किया गया चावल का कट्टा (वजन करीब 30 कि0ग्रा0)।

2.घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर रजि0नं0 HR91B3191

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI